**हिमाचल प्रदेष राज्य सहकारी विकास संघ के द्वारा विभिन्न जिलों में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गये प्रशिक्षण शिविरों के सम्बन्ध में संक्षिप्त रिपोर्ट :–**

**क्षेत्र :–**प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं/दुग्ध/औद्योगिक/मतस्य/परिवहन/ऋण एवं बचत/श्रम एवं औद्योगिक निर्माण

**स्थान :–** पंचरूखी, पालमपुर, जिला कांगड़ा

**कार्यक्रम नाम :–** जागरूकता प्रशिक्षण शिविर प्रबंधक समिति सदस्य

**संक्षिप्त रिपोर्ट :–**अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की श्रृंखला में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ (HIMCOFED) द्वारा एक दिवसीय सहकारी शिक्षा शिविर का आयोजन पंचरुखी, पालमपुर में सफलतापूर्वक किया गया। इस शिविर का शुभारंभ माननीय खेल युवा, कानून एवं आयुष मंत्री श्री यादविंदर गोमा द्वारा किया गया। उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" विशेष अभियान के अंतर्गत पंचरुखी विश्रामगृह परिसर में एक पौधा रोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।




शिविर में श्री रघुवीर सिंह पठानिया, निदेशक, हिमकोफैड,श्री करनैल सिंह राणा, अध्यक्ष, जिला सहकारी विकास संघ कांगड़ा, श्री गौरव जरियाल, सचिव हिमकोफैड, श्री अशोक कुमार,सहायक सहकारी शिक्षा अधिकारी, श्रीमती मीरा देवी, सहायक पंजीयक, सहकारी सभायें, पालमपुर, श्री पूरण ठाकुर, जिला अंकेक्षक अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण, युवा, महिलाएं एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

शिविर के दौरान सहकारिता के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (RICM), चंडीगढ़ के व्याख्याता श्री

सुनील कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने '' पैक्स (PACS) कंप्यूटराइजेशन'', ''डिजिटलाइजेशन ऑफ सोसाइटीज'', ''कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)'', ''एफपीओ गठन'' तथा ''सीईओ/प्रबंधक प्रशिक्षण कार्यक्रमों'' के बारे में जानकारी दी। उपस्थित प्रतिभागियों ने व्याख्यान के पश्चात प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा अपने संबोधन में सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि यह आंदोलन आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से सहकारी समितियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

शिविर का उद्देश्य सहकारिता के महत्व, वर्तमान सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लोगों को संगठित कर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर स्कूल की बालिकाओं द्वारा भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

अंत में श्री गौरव जरियाल, सचिव, विकास संघ ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

**उद्देश्य :–**केन्द्र सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाना तथा पर्यावरण संरक्षण और लघु बचत योजनाओं के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था।

**प्रतिभागियों की संख्या :–**300



**क्षेत्र :–**प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं

**स्थान :–**अम्ब, जिला ऊना (दिनांकः– 13–6–2025)

**कार्यक्रम नाम :–** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में ऊना जिले के अम्ब में प्रबंधक समिति सदस्यों व कर्मचारीगण के लिए एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण शिविर

**संक्षिप्त रिपोर्ट :–**सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना के अन्तर्गत वृत स्तर पर वृत अम्ब की सहकारी सभाओं की प्रबन्धक समिति के सदस्यों/कर्मचारियों व सदस्यों के लिए दि कुठेड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के मीटिंग हाल में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 70 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री सर्वजीत सिंह ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष पर सहकारी सभाओं की भूमिका बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि "सहकारिता जीवन जीने का एक सबसे अच्छा माध्यम है जिसके द्वारा समाज का उत्थान किया जा सकता है।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान कुठेड़ा खैरला के प्रधान श्री सीता राम धीमान सेवानिवृत प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सदस्यों को सहकारी सभा के सदस्य के नाते अपने विशेषाधिकारों की जानकारी होनी चाहिए ताकि वे सहकारी सभाओं से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित न हो।

विकास संघ के सहकारी शिक्षा अनुदेशक श्री बलवन्त सिंह सहकारी ने उपस्थित सदस्यों को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में उपस्थित सदस्यों को सहकारिता की महत्वता को समझाते हुए सहकारी सभाओं को ऋण व बचत के अतिरिक्त अधिनियम, नियम उपविधियों बारे संशोधन जैसे सामायिक विषयों पर जानकारी के साथ–साथ सहकारी सभाओं से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं क्रमशः पैट्रोल पम्प, गैस एजैन्सी, जन औषधि केन्द्र, लोकमित्र केन्द्र व इलैक्ट्रोनिक्स, फर्नीचर आदि के बारे में जानकारी दी।

**उद्‌देश्य :–**सभा सदस्यों को सभा के कारोबार से प्राप्त मूलभूत सुविधाओं के बारे मे जानकारी प्रदान करना, ऋण एवं बचत की भावना को प्रोत्साहित करना।

**प्रतिभागियों की संख्या :–70**


हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ शिमला
आपका
2025
International Year of Cooperatives
अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025
सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण शिविर में
स्वागत करता है।


हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ शिमला
आपका
2025
International Year of Cooperatives
अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025
सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण शिविर में
स्वागत करता है।

**क्षेत्र :–**प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं/दुग्ध/औद्योगिक/मतस्य/परिवहन/ऋण एवं बचत/श्रम एवं औद्योगिक निर्माण

**स्थान :–**हरोली, जिला ऊना (दिनांकः– 21–6–2025)

**कार्यक्रम नाम :–** जागरूकता प्रशिक्षण शिविर प्रबंधक समिति सदस्य व कर्मचारीगण

**संक्षिप्त रिपोर्ट :–** सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना के अन्तर्गत वृत हरोली की सहकारी सभाओं की प्रबन्धक समिति के सदस्यों के लिए दी ललड़ी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के मीटिंग हाल में एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 75 सभा सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यरूप से क्षेत्रिय प्रबन्ध संस्थान चण्डीगढ़ से आए प्रवक्ता श्री सुनील कुमार, लॉ कॉलेज बढेड़ा के पूर्व अध्यक्ष श्री देस राज राणा, सैंसोवाल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान श्री शशी कवंर सेवानिवृत प्रबन्धक, यूको बैंक ने भी इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से भाग लिया। श्री सुनील कुमार प्रवक्ता क्षेत्रीय प्रबन्धन सहकारी संस्थान चण्डीगढ़ द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी तथा सहकारी सभाओं को अपना लक्ष्य स्वयं निर्धारित करने बारे प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर श्री देस राज राणा ने लॉ कॉलेज बढेड़ा का उदहारण देते हुए कहा कि आज हिमकैप्स सहकारिता के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है जो कि सहकारिता से ही सम्भव हुआ है।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान सैसोंवाल सहकारी सभा के प्रधान श्री शशी कवंर सेवानिवृत प्रबन्धक, यूको बैंक ने सहकारी सभाओं को अपने–अपने क्षेत्र में स्थानीय उत्पाद की प्रदर्शनी लगा कर सहकारी सभा के कारोबार को सुदृढ किया जा सकता है। उन्होने कहा कि सैंसोवाल ग्राम सेवा सहकारी सभा ने दिल्ली में आयोजित हुए अन्तर्राष्ट्रीय मेले में बकरी के अवशिष्ट पदार्थ, ऊन इत्यादि की बिक्री कर चुका है जिससे सभा ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। सैंसोवाल सहकारी सभा ने इस अवसर पर प्रदर्शनी की अवलोकन किया गया जिसमें लोगों द्वारा स्थानीय उत्पाद को महत्वता दी गई।

इस अवसर पर बलवन्त सिंह सहकारी शिक्षा अनुदेशक ने सहकारी सभा की चुनाव प्रक्रिया के साथ–साथ केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**उद्देश्य :–**सहकारी सभा के सदस्यों, प्रबन्धक समिति, को केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना।

**प्रतिभागियों की संख्या :–75**


हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ शिमला
आपका
अन्तर्राष्ट्रीय
वर्ष-2025
एक दिवसीय
प्रशिक्षण शिविर में
हार्दिक
करता है।


हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ शिमला
आपका
अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025
एक दिवसीय सहकारी
शिविर में
हार्दिक

**क्षेत्र :–**प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं / दुग्ध / ऋण एवं बचत।

**स्थान :–**गगरेट, जिला ऊना (दिनांकः– 25-6-2025)

**कार्यक्रम नाम :–** जागरूकता प्रशिक्षण शिविर प्रबंधक समिति सदस्य व कर्मचारीगण

**संक्षिप्त रिपोर्ट :–** सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना के अन्तर्गत वृत गगरेट की सहकारी सभाओं की प्रबन्धक समिति के सदस्यों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 117 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यतः रूप से सहकारी कर्मचारी संघ के प्रधान श्री राजेन्द्र राणा, वृत गगरेट व उन्नति मार्केटिंग मल्टीस्टेट सहकारी सभा के निदेशक विनय कालिया ने भाग लिया। इस शिविर का आयोजन शिव मन्दिर मिनी पैलेस अम्वोआ में हुआ। इस अवसर पर निदेशक विनय कालिया ने खाद, बीज, भण्डारण आदि बारे जानकारी दी। सहकारी कर्मचारी संघ के प्रधान श्री राजेन्द्र राणा ने उपस्थित सदस्यों को जो सहकारी सभाओं के प्रबंधक समिति सदस्यों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी सांझा की तथा सहकारी सभाओं में हो रही अनियमितताओं को दूर करने के लिए सहकाति विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने पर बल दिया।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान विकास संघ की ओर से बलवन्त सिंह सहकारी शिक्षा अनुदेशक ने उपस्थित सदस्यों को सहकारी सभाओं के कारोबार को बढ़ाने बारे विविधिकरण की नीति को कारोबार में अपनाने बारे बल दिया तथा सदस्यों में अमानतों को संग्रहण करने के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में गरीब बच्चों को छात्रवृति व गांव में जल आपूर्ति योजनाओं के रख–रखाव व लघु बचत योजनाओं को अपनाने बारे जानकारी दी।

**उद्देश्य :–** सहकारी सभाओं के कारोबार को बढ़ाने बारे विविधिकरण की नीति को कारोबार में अपनाना।

**प्रतिभागियों की संख्या :–117**




सहकारिता वर्ष-2025
एक दिवसीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण शिविर में
हार्दिक स्वागत करता है

**क्षेत्र :–**प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं ऋण एवं बचत।

**स्थान :–** ऊना, जिला ऊना (दिनांकः– 28–6–2025)।

**कार्यक्रम नाम :–** जागरूकता प्रशिक्षण शिविर प्रबंधक समिति सदस्य व कर्मचारीगण

**संक्षिप्त रिपोर्ट :–** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वृत ऊना की सहकारी सभाओं की प्रबन्धक कमेटी सदस्यों के लिए एक दिवसीय सहकारी शिक्षा शिविर का आयोजन जिला निरिक्षक सहकारी सभा ऊना की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन ऊना जिला सहकारी विकास संघ (उनकोफैड) के हॉल में किया गया जिसमें लगभग 70 प्रबन्धक समिति सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर श्री बलवंत सिंह सहकारी शिक्षा अनुदेशक ने प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों को उनके अधिकारों व कर्त्तव्यों बारे, सहकारी सभा के अधिनियम, नियम व उपविधियों के संशोधन बारे तथा सहकारी सभा के कारोबार को बढ़ाने हेतू उचित कदम उठााने बारे जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर श्री राजेश कुमार जिला निरीक्षक सहकारी सभाएं ने उपस्थित सदस्यों को भागधन बारे, ऋण वसूली के लिए सभा के द्वारा महत्वपूर्ण पग उठाने बारे तथा सभा के कारोबार से संबधित व्यापारिक विकास योजना तैयार करने बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर श्री रविन्द्र जसवाल सेवानिवृत निरीक्षक जिला ऊना, वृत निरिक्षक सहकारी सभाएं राजीव व श्रीमति कौशल्या, ब्लॉक के प्रधान मुकेश शर्मा ने भाग लिया।

**उद्देश्य :–**सहकारी सभा की प्रबन्धक कमेटी के अधिकारों व कर्त्तव्यों बारे, उपविधियों में संशोधन व व्यापारिक विकास योजना के बारे में जानकारी प्रदान करना।

**प्रतिभागियों की संख्या :– 70**


INTERNATIONAL YEAR OF COOPERATIVES
दि ऊना जिला सहकारी विकास संघ सीमित
तह. व जिला ऊना (हि.प्र.)
आपका हार्दिक स्वागत करती है।
हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ शिमला
आपका
अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025
एक दिवसीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण शिविर में
हार्दिक
करता है।


कारिता वर्ष 2025 समारोह
LTH
EXCLUSIVE